# मिशन स्कूल में बाइबल पाठ को लेकर विवाद

## बजरंग दल ने की शिकायत, प्रशासन ने किया निरीक्षण

**सिवनी नवभारत। शहर के मिशन स्कूल में विद्यार्थियों को कथित रूप से बाइबल के पद पढ़ाने और धार्मिक प्रार्थना करवाने को लेकर रविवार को विवादित स्थिति बन गई। मामले की सूचना के बाद बजरंग दल सिवनी के पदाधिकारी स्कूल पहुँचे और प्रबंधन से शिकायतों का विवरण साझा करते हुए स्पष्टिकरण मांगा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन और तहसील प्रशासन भी मौके पर पहुँचा और स्कूल का निरीक्षण किया।**





शिकायत के आधार पर प्रशासन का निरीक्षण बजरंग दल द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर 08 दिसंबर 2025 को पुलिस थाना प्रभारी, प्रशासनिक अधिकारी तथा संगठन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मिशन स्कूल का औपचारिक निरीक्षण (पंचनामा) किया गया। निरीक्षण के दौरान इंचार्ज प्रिंसिपल ने अधिकारियों को बताया कि सुबह की प्रार्थना के अंत में बाइबल की किताब नया नियम में से केवल नीति वचन (प्रोवर्ब्स) के 1-2 पद नैतिक शिक्षा के रूप में पढ़ाए जाते हैं। एक ईसाई शिक्षक द्वारा यह वाचन कराया जाता है। बंधन ने कहा कि इसके अलावा प्रतिदिन राष्ट्रगान और भारत माता की जय के नारे भी लगाए जाते हैं।

### हिंदू संगठनों में आक्रोश, पुलिस ने की शांति की अपील

घटना की जानकारी फैलते ही कई हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि स्कूल पहुंचे और विरोध दर्ज कराया। वहीं पुलिस प्रशासन ने मौके पर स्थिति संभाली और सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की।

### छात्रों ने दिए अलग-अलग बयान

निरीक्षण के दौरान मौजूद छात्रों ने प्रशासन को बताया कि सुबह की प्रार्थना में हे परमपिता परमेश्वर से संबंधित प्रार्थना कराई जाती है। प्रार्थना के अंत में छात्रों से आमीन बुलवाया जाता है। इसके बाद बाइबल के नीति वचन के पदों का वाचन होता है। कुछ छात्रों ने यह भी कहा कि उन्हें कड़ा या मूंगा पहनने पर मना किया जाता है। इस तरह के बयान महिला छात्रों द्वारा भी दोहराए गए। अधिकारियों ने सभी पक्षों के वक्तव्य और स्कूल प्रशासन की जानकारी को मिलाकर स्थल पर ही पंचनामा तैयार किया, जिसे उपस्थित सभी के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। अधिकारियों ने बताया कि आगे इस मामले की तथ्यात्मक जांच की जाएगी, ताकि सही स्थिति स्पष्ट हो सके।

# हादसा टला : ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट हाई-वोल्टेज लाइन से टकराया

**सिवनी नवभारत।** कुरई के सुकतरा स्थित मेंस्को ऐयरो स्पेस लिमिटेड में सोमवार शाम फिर एक गंभीर लापरवाही सामने आई। रेड बर्ड एविएशन कंपनी का ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट लगभग 6:30 बजे उड़ान अभ्यास के दौरान 33 केवी हाई वोल्टेज विद्युत लाइन से टकरा गया। तेज आवाज के साथ विमान नीचे गिरता नजर आया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।




प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विमान ने अचानक नियंत्रण खो दिया और हाई-वोल्टेज लाइन के बेहद करीब पहुंच गया। पंख लाइन से टकराते ही चिंगारियां दिखाई दीं और कुछ क्षणों के लिए माहौल दहशत भरा हो गया।

स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी एयर स्ट्रिप पर दो बार ट्रेनिंग विमान रनवे पर दौड़ते हुए पलट चुके हैं, लेकिन न कंपनी ने सुधारात्मक कदम उठाए और न ही प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई की। ग्रामीणों के मुताबिक एयर स्ट्रिप के आसपास सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी करते हुए लगातार उड़ान प्रशिक्षण जारी है। 33 केवी लाइन के इतने पास विमानों का संचालन किसी भी समय बड़ी त्रासदी का कारण बन सकता है।



ग्रामवासियों ने बताया कि यदि विमान कुछ और सेकंड हाई-वोल्टेज लाइन से चिपका रहता, तो प्रशिक्षु पायलट की जान के साथ पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था भी खतरे में पड़ सकती थी। उन्होंने जिला प्रशासन से एयर स्ट्रिप की सुरक्षा और संचालन प्रणाली की तत्काल उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। लगातार सामने आ रही घटनाएं इस बात को पुख्ता करती हैं कि मेंस्को ऐयरो स्पेस लिमिटेड और ट्रेनिंग कंपनियों द्वारा सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन हो रहा है। यदि समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में बड़ा हादसा होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## एक नजर में



### चौक चौराहे में जलने लगे अलाव, नपा ने किए इंतजाम

सिवनी। मौसम का मिजाज बदल रहा है। बड़ी ठंड एवं शीतलहर के चलते तापमान नीचे आ गया है। शहर में नपा द्वारा उसके लिए चौक चौराहे एवं सार्वजनिक जगह पर अलावा के इंतजाम किए जा रहे हैं। चिन्हित स्थानों पर जलाऊ लकड़ी गिराई जा रही है। प्रभारी बसन्त चौहान ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अलावे के लिए परिषद की गाड़ियों से लकड़ी जा रही है। नपा अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विशाल मर्सकोले के निर्देशन में भीड़भाड़ वाले चौक चौराहे एवं सार्वजनिक स्थानों का चयन किया गया है। राज्य परिवहन बस स्टैंड, प्राइवेट बस स्टैंड, जिला चिकित्सालय, आश्रय स्थल, वृद्धाश्रम एवं रेलवे स्टेशन सहित कई स्थानों को बिंदु बनाया गया है। यहां पर जलाऊ लकड़ी गिराई जा रही है। जिससे रात में लोगों को ठंड से बचाया जा सके। समय के साथ और भी पॉइंट बढ़ाया जा सकते हैं।



### आचार्य समय सागर महाराज से प्रतिनिधि मंडल मिला

लखनादौन। जैन समाज का प्रतिनिधिमंडल आज आचार्य गुरुवर श्री समय सागर जी महाराज के दर्शन करने जबलपुर पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल ने आचार्य गुरुवर श्री समय सागर जी महाराज ससंग से निवेदन कर लखनादौन पहुंचने का आग्रह किया। आचार्य श्री ससंग लखनादौन में अपने संघ के साथ लखनादौन पहुंचे और कुछ समय रूक कर धर्म देशना लखनादौन समाज को दे ऐसी भावना के साथ जैन समाज लखनादौन का प्रतिनिधिमंडल आज आचार्य गुरुवर श्री समय सागर जीमहाराज के दर्शन करने पीसंनहारि की मडिया पहुंचकर निवेदन किया, । प्रतिनिधि मंडल में ब्रह्मचारिणी कविता दीदी के नेतृत्व में संजय श्राफ, देवेंद्र चौधरी ,अशोक चौधरी ,विनोद भारती, जीतू जैन, अतुल जैन, महिला मंडल से महिलाएं एवं लखनादौन जैन समाज से करीब 50 लोगों का प्रतिनिधिमंडल गुरुजी से मिला और निवेदन किया।



### एड्स पखवाड़ा के तहत बालाजी कॉलेज में हुए आयोजन

सिवनी। विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर से 7 दिसंबर पखवाड़ा का कार्यक्रम बालाजी बीएड कॉलेज बरघाट में इस कार्यक्रम मैं छात्र-छात्राओं नुक्कड़ नाटक रंगोली भाषण पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई जिसमें कॉलेज के शिक्षक गण और सिविल हॉस्पिटल बरघाट बरघाट की आईसीटीसी केंद्र से परामर्शदाता श्रीमती रिचा सरवन एवं लैब टेक्नीशियन पुष्पा कटरे सम्मिलित थी जिसमें एचआईवी के प्रति जागरूक के कराया गया।

# एसपी ने पवार समाज के सामाजिक कार्यक्रम में किया जनसंवाद

**सिवनी नवभारत।** गत दिवस ग्राम बोरीकलां में आयोजित जिला सिवनी के क्षत्रिय पंवार समाज के सामाजिक समरसता कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता उपस्थित हुए, उक्त कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अपने उद्बोधन मे उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए बताया कि वर्तमान समय में,ढ्ढ का युग है जिसके चलते टेक्नोलॉजी के उपयोग के दौरान सावधानी बरतने की नितांत आवश्यकता है आजकल फेंक वीडियो के माध्यम से तरह तरह से फ्रॉड किए जा रहे है, चाहे वो डिजिटल अरेस्ट हो या किसी व्यक्ती के वीडियो/फोटो के माध्यम से ब्लैकमेल करना हो। इस हेतु सावधानी से इन्टरनेट का उपयोग किया जाए अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल को लाक रखें।



इसके अतिरिक्त महिला संबंधी अपराधों के बारे में प्रकाश डालते हुए जानकारी दी की बच्चियों को सोशल मीडिया या अन्य किसी प्रभावों में नहीं आना चाहिए, बालक/ बालिकाओं को केवल पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है जिस से आगे चल कर वो अपने इच्छित लक्ष्य को प्राप्त कर सके। साइबर फ्रॉड के विषय में प्रकाश डालते हुए जानकारी दी कि साइबर ठग तरह तरह से प्रलोभन देकर लोगों को ठग रहे है जैसे बैंकिंग फ्रॉड, बीमा संबंधी फ्रॉड, जॉब फ्रॉड, विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधी फ्रॉड, किसी नामी कंपनी की फ्रैंचाइजी दिलाने संबंधी फ्रॉड, समान सस्ते में दिलाने संबंधी फ्रॉड, लोन दिलाने संबंधी फ्रॉड के बारे में विस्तार से जानकारी दी, फ्राड संबंधी काल आने पर आने वाली काल की सत्यता को परखे।

## सशस्त्र झंडा दिवस का कार्यक्रम मनाया

सिवनी नवभारत। कलेक्टर शीतला पटले की उपस्थिति में कलेक्टर सभागार में सशस्त्र झंडा दिवस का कार्यक्रम गरिमामय रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों के जवान सीमाओं पर कठिन परिस्थितियों में रहकर देश की सुरक्षा करते हैं, इसलिए शहीद परिवारों, पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों के कल्याण में सहयोग करना हम सभी का दायित्व है।

## नगर परिषद छपारा में विकास कामों के पहिए थमे

**नगर परिषद की पिछले चार महीने से तीन पीआईसी और एक सामान्य सभा की बैठक हो चुकी हैं स्थगित**




**छपारा नवभारत।** सरकार बीते आधे वर्ष से दो धड़ों में बंट गई गई है एक धड़ा नगर परिषद अध्यक्ष एवं वर्तमान प्रभारी सीएमओ हैं तो दूसरा धड़े में शेष बारह पार्षद हैं जो अडे हुए हैं कि जब तक प्रभारी सीएमओ हैं पार्षदों की नगर परिषद छपारा द्वारा आयोजित की जाने वाली बैठकों में शामिल नहीं होंगे जिसका प्रमाण है विगत चार महीनों से तीन पी आई सी बैठकों और एक सामान्य सभा की बैठक कुल चार महत्वपूर्ण बैठक में शामिल नहीं होने से बैठकों का लगातार स्थगित हो जाना ढेरों नगर विकास के कार्य होते हैं जहां कार्यों को लेकर प्रस्ताव पारित किए जाते अब जो प्रभावित हो रहे हैं नगरवासियों की ओर से छपारा नगर परिषद में चल रही आपसी खींचतान को लेकर ज़रुरी कदम जिला प्रशासन से उठाया जाने को लेकर अपील की जा रही है क्योंकि अधिकारी और निर्वाचित हुए जनप्रतिनिधियों वार्ड पार्षदों के बीच चल रहे द्वंद युद्ध के बीच की लडाई में आम नगरवासियों के हितों को लेकर चिंता नहीं होने से नगर विकास थम गया है।

## महाविद्यालय में एचआईवी/एड्स पर विशेष रैली और मानव श्रृंखला का आयोजन

**केवलारी नवभारत।** महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों और शिक्षकों द्वारा एचआईवी/एड्स के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 129 विद्यार्थियों और 15 शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। जागरूकता गतिविधियों के तहत महाविद्यालय परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने एड्स से संबंधित पोस्टर निर्माण किया, पम्फलेटों का वितरण किया, और एक संगठित मानव श्रृंखला बनाकर सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया।

## तेज रफ्तार कार ने पीछे से दो पहिया वाहन सवार दम्पत्ति को मारी टक्कर, महिला घायल

**छपारा नवभारत।** नगर के बैंनगंगा नदी के दोनों पुलों के तिराहा पर सोमवार सुबह लगभग 9 बजे विकास खंड के ग्राम डोलबजा निवासी गोपाल कुमरे और पत्नी धनवती कुमरे 41 वर्ष दो पहिया वाहन से नगर के छोटे पुल से मजदूरी कार्य के लिए छपारा खुर्द में शासकीय कन्या परिसर की निर्माणाधीन भवन पर जा रहे थे उसी दौरान बड़े पुल से नगर के भीमगढ रोड़ गोकुलधाम कॉलोनी निवासी सजल चौकसे पिता राकेश चौकसे भी कार क्रमांक-एमपी 22 सीए 4988 से नगर से सिवनी की ओर जाते हुए पीछे से टकरा गई दुर्घटना में जहां दोनों दम्पत्ति को चोटें आई वहीं धनवती कुमरे के सिर पर गंभीर चोट लगी मौके से दोनों घायलों सजल चौकसे द्वारा ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद धनवती कुमरे के सिर पर गंभीर चोट होने के चलते सीटी स्कैन हेतु सिवनी लेकर पहुंचे। उक्त मामले पर छपारा पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी गई है।



# गणेशगंज में खाटू श्याम प्रथम भजन संकीर्तन कार्यक्रम 15 को

## जबलपुर के भजन गायक नयन कपूर देंगे प्रस्तुति

**गणेशगंज नवभारत।** जिले के नेशनल हाईवे पर स्थित गणेशगंज में इन दिनों खाटू वाले श्याम नाम प्रथम भजन संकीर्तन कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोरों से चल रही है। नगर के सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर में 15 दिसंबर को कार्यक्रम का भव्य आयोजन होना है।

आयोजक समिति बाबा श्याम के भक्तों की माने तो 15 दिसंबर दिन सोमवार को सफला एकादशी के पावन शुभावसर पर दोपहर श्री श्याम दरबार, निशान यात्रा लेकर नगर भ्रमण हेतू डीजे,बग्घी आतिशबाजी के साथ बड़े ही धूमधाम से निकाली जाएगी। जो सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मां खेरापती मंदिर ,बाजार चौंक होते हुए बस स्टैंड की और जाकर वापस श्री शेषनांग मंदिर,श्री राधाकृष्ण मंदिर होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी।



### प्रभु को लगाए जाएंगे 56 भोग



शाम 7 बजे से बाबा श्याम प्रभु का आलौकिक श्रृंगार,अखंड ज्योत, इत्र वर्षा,पुष्प वर्षा, के साथ लगाए जाएंगे 56 भोग, होगें दिव्य दरबार के दर्शन उपरांत बाबा श्याम रसोई का आयोजन होगा जिसमें आयोजक समिति ने बाबा के भक्तों से उक्त आयोजित प्रथम संकीर्तन कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित करते हुए अपने जीवन को सफल बनाएं जाने की बात कही।

### बाबा श्याम नाम संकीर्तन की सुंदर प्रस्तुति

प्रदेश के विभिन्न जिलों में भजन की सुंदर आकर्षित प्रस्तुति देने वाले जबलपुर के सुप्रसिद्ध भजन गायक नयन कपूर देर शाम से प्रभु ईच्छा तक देंगे बाबा श्याम नाम की सुंदर प्रस्तुति। जिस हेतू बाबा के भक्तों ने व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए गणेशगंज नगर के हर घर चौंक चौराहों में बैनर पोस्टर लगाकर नगर में प्रथम कार्यक्रम को सफल बनाएं जाने भव्य तैयारियां किया।

## 13 को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

सिवनी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय सिवनी सहित तहसील लखनादौन, घंसौर एवं केवलारी के न्यायालय परिसर में शनिवार 13 दिसम्बरको नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री रवि नायक ने आमजन से अपील की है कि जिन व्यक्तियों के न्यायालय में या न्यायालय के बाहर प्रीलिटिगेशन स्तर पर प्रकरण लंबित हैं, वे लोक अदालत में उपस्थित होकर आपसी सुलह एवं समझौते के माध्यम से अपने प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं।

### नाम सुधार सूचना

मै शपथकर्ता भगवान प्रसाद तिवारी पिता श्री संतराम तिवारी उम्र लगभग 42 साल निवासी वर्तमान निवास पुलिस कॉलोनी सिवनी तहसील व जिला सिवनी निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ कि :- 01. यह कि मै वर्तमान में उपरोक्त पते पर रहता हूँ। 02. यह कि, मै शपथकर्ता की पुत्री आराधना तिवारी पिता भगवान प्रसाद तिवारी (AARADHANA TIWARI S/O BHAGWAN PRASAD TIWARI) एवं माता का नाम प्रार्थना तिवारी (PRATHANA TIWARI) जो कि आपके विधालय पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय सिवनी में कक्षा सातवी में सत्र 2025-26 में अध्ययनरत है। 03. यह कि मेरी पुत्री के शाला अभिलेख में नाम आराधना तिवारी के इंग्लश स्पेलिंग में AARADHNA TIWARI दर्ज है जिसमें त्रुटि वश A छूट गया है जबकि उसका जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड अनुसार सही नाम आराधना तिवारी AARADHANA TIWARI है। 04. यह कि मेरी पुत्री के शाला अभिलेख में सुधार कर पुत्री का सत्य व सही नाम जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड अनुसार आराधना तिवारी AARADHANA TIWARI पिता का नाम भगवान प्रसाद तिवारी BHAGWAN PRASAD TIWARI माता का नाम प्रार्थना तिवारी PRATHANA TIWARI दर्ज किया जाकर पढ़ा एवं समझा जावे। जिससे किसी भी प्रकार की कोई बाधा व आपत्ति नहीं है।

**सम्मेलन** | समाज सुधार पर बहुत सी बातो पर एकमत और आम सहमति बनी, शराब पीकर शांति भंग करने वाले पर कठोर कार्यवाही हो

# मनाई ज्योतिबाराव फुले की पुण्यतिथि, माली समाज ने लिये निर्णय

**सिवनी नवभारत।** महान समाज सुधारक,महात्मा ज्योतिबाराव फुले जी की 135 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर ,मरार माली समाज जिला सिवनी के, जिला स्तरीय सामाजिक सम्मेलन ग्राम सरेखा कलां ( उगली) वि.खं.केवलारी मे हजारो की सख्या मे, मातृ शक्ति, पितृ शक्ति की उपस्थिति में,हुए समाज सुधार पर निर्णय लिये गये।




सम्मेलन में कहा गया कि विवाह, सीमित खर्च मे संपन्न कराना चाहिए। लड़का लड़की का रिश्ता तय होने के बाद जो रश्म विवाह के पूर्व होता है, वह दोनों पक्षों से सीमित सख्या मे संपन्न कराये। डी जे साउंड पर पुर्ण प्रतिबंध रहेगा। लग्न रात्री में 10 बजे के अंदर लगाना अनिवार्य है। प्रात:काल वधु की बिदाई 9 बजे, विशेष परिस्थिति में 10 बजे के पूर्व हो। वर वधु के बिदाई के बाद,बारात सीधे वर के घर में लेकर जाए,बारात गाँव के बाहर रोक कर घंटों नौटंकी करने पर प्रतिबंध हो।

इसी तरह चौथिया बारात पर पूर्ण प्रतिबंध, लड़की लेने 5 दिन बाद जाए। शासकीय योजना या अन्य सामूहिक विवाह मे एक बार विवाह हो जाने के बाद, अपने घर में केवल प्रतिभोज करा सकते है।यदि फिर से विवाह करते पाए जाने पर कठोर कार्यवाही। सार्वजनिक, स्थलों में, कार्यक्रमो मे शराब पीकर शांति भंग करने वाले पर कठोर कार्यवाही की जाए। मृत्यु के बाद होने वाले तेरहवीं कार्यक्रम,पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध हो। समाज सुधार पर बहुत सी बातो पर एकमत और आम सहमति बनी। इसके साथ अपनी कमाई का सदुपयोग शिक्षा,व्यापार, व्यवसाय, कृषि के विकास पर करते हुए स्वम का, परिवार का,और देश के विकास मे योगदान देने पर आम सहमति बनी।

सभी ग्राम समिति, ब्लाक समिति, अपने अपने कार्य क्षेत्र में इसे कड़ाई से लागू कर,अपनी शक्ति का परिचय दे। इस कार्यक्रम उपस्थित जिला अध्यक्ष संतोष पजरिया, सुनील राणा, भोयाराम चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष सुनील पंचेश्वर, लेखराम मटरे, रमेश देशमुख, गुरुजी ब्लॉक अध्यक्ष अजेश मानेश्वर, संतोष पंचेश्वर, सरपंच कैलाश नागेश्वर, नीलकंठ बागेश्वर जी समस्त सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# घंसौर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा 15 से

**घंसौर नवभारत।** घंसौर नगर में इस वर्ष धार्मिक माहौल एक बार फिर उल्लास से भरने वाला है। आगामी 15 दिसंबर 2025 से 21 दिसंबर 2025 तक सात दिवसीय सार्वजनिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस कथा का शुभ कार्यस्थल घंसौर नगर के सांदीपनी विद्यालय (सी.एम. राइस) स्कूल के सामने निर्धारित किया गया है। जहाँ प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5:30 बजे तक कथा-वाचन होगा। कथा व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक पंडित अवतार कृष्ण शास्त्री द्वारा श्रीकृष्ण लीला, भक्तिरस, नीति, धर्म, अध्यात्म और जीवन मूल्यों से जुड़ी दिव्य कथाओं का वाचन किया जाएगा। भक्तों को सात दिन तक अध्यात्म एवं भक्ति के अमृत का रसपान कराने की संपूर्ण तैयारी कर ली गई है। विशेष धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला तैयार, अंतिम दिन भव्य पूर्णाहुति इस कथा महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी आयोजित किया जाएगा।



प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम इस प्रकार निर्धारित हैं। 15 दिसम्बर सोमवार को मंगल कलश स्थापना एवं पूजन 16 दिसम्बर श्रीकृष्ण बाल लीला, 17 दिसम्बर, श्री गोवर्धन लीला, 18 दिसम्बर श्री रुक्मिणी विवाह, 19 दिसम्बर 2025 सुदामा चरित्र, 20 दिसम्बर शुकदेव प्रवेश एवं 21 दिसम्बर रविवार को पूर्णाहुति व हवन। कथा आयोजकों के अनुसार अंतिम दिन हवन, आरती, प्रसाद वितरण तथा सामूहिक भंडारे की भी व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रमों का संचालन अनुशासित और शांति से हो इसके लिए स्थानीय ग्रामीणों की टीम जिम्मेदारी संभालेगी। समस्त ग्रामवासी मिलकर कर रहे। आयोजन भक्तों से अपील उपस्थित रहकर धर्मलाभ प्राप्त करें। यह धार्मिक आयोजन समस्त ग्रामवासी घंसौर एवं क्षेत्रवासी भक्तजन मिलकर कर रहे हैं। आयोजन समिति ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि सामाजिक सद्भाव, एकता और सांस्कृतिक परंपरा को भी सुदृढ़ करता है। गाँव के बुजुर्गों के अनुसार ऐसी कथाएँ समुदाय में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं और युवा पीढ़ी को अपने धर्मग्रंथों से परिचित कराती हैं। ग्रामीण महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने मिलकर मंच, प्रकाश, ध्वनि और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। कथा स्थल पर बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई और सुरक्षा के लिए भी समुचित प्रयास किए जा रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक भक्त इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त करें।